आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 16.04.2024

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– कांकेर जिले में आज दोपहर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में अट्ठारह माओवादी मारे गए–बीएसएफ के तीन जवान घायल–मौके से एके–फोर्टी सेवन सहित करीब पंद्रह हथियार बरामद।

2– छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत आज उनतालीस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए।

3– बस्तर लोकसभा क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को आज से हेलीकॉप्टर के जरिये रवाना किया जा रहा है।

4– कोयला घोटाला मामले में रायपुर केंद्रीय जेल में बंद सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका विशेष न्यायालय ने खारिज की।

<u>माओवादी मुठभेड़</u>

कांकेर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में अट्ठारह माओवादी मारे गए हैं। इन सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के एक इंस्पेक्टर सहित तीन जवान घायल हुए हैं। यह मुठभेड़ आज दोपहर छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में स्थित कलपर के जंगल में सीमा सुरक्षा बल और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की संयुक्त टीम और माओवादियों के बीच हुई। दोनों ओर से करीब ढाई घंटे तक गोलीबारी हुई।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. और कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंद्रा कल्याण एलेसेला ने बताया कि इस इलाके में करीब पचास माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों को रवाना किया गया था। इसी दौरान कलपर के जंगल में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें अट्ठारह माओवादी मारे गए। इनमें से कुछ माओवादियों पर इनाम घोषित किया गया था। इस मुठभेड़ में बीएसएफ के एक इंस्पेक्टर सहित तीन जवान भी घायल हुए हैं। घटनास्थल से करीब पंद्रह हथियार बरामद किए गए हैं। इनमें एके–फोर्टी सेवन रायफल और लाइट मशीन गन शामिल हैं। घटनास्थल के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

<u>नामांकन–जमा</u>

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत जिन सात संसदीय क्षेत्रों में सात मई को मतदान होना है, वहां नामांकन जमा करने का सिलसिला जारी है। आज इन लोकसभा सीटों के लिए उनतालीस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए।

सरगुजा और रायगढ़ में तीन–तीन, कोरबा में चार, जांजगीर–चांपा और दुर्ग में पांच–पांच, बिलासपुर में छह तथा रायपुर में आज तेरह नामांकन जमा हुए। इस तरह तृतीय चरण के लिए अब तक संतानव उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इन लोकसभा सीटों में नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख उन्नीस अप्रैल है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के तहत अब तक चार हजार चार सौ बासठ डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। सबसे अधिक दो हजार दो सौ चौरासी डाक मतपत्र बस्तर में, वहीं एक हजार अड़सठ महासमुंद, एक हजार बासठ कांकेर और राजनांदगांव सीट के लिए एक सौ अड़तालीस डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।

मतदान दल–रवाना

प्रदेश के माओवाद प्रभावित बस्तर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है। इस लोकसभा क्षेत्र के अति–संवेदनशील मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया जा रहा है।

हमारे संवाददाता ने बताया कि बस्तर संसदीय क्षेत्र में मतदान के लिए एक हजार नौ सौ संतावन पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें से करीब छह सौ मतदान केन्द्रों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। निर्वाचन आयोग ने इस लोकसभा क्षेत्र में एक सौ अट्ठारह मतदान केन्द्रों को ऐसे इलाकों में स्थानांतरित कर दिया है, जो अब माओवाद की समस्या से मुक्त हो चुके हैं। इससे अब इन इलाकों में रहने वाले ग्रामीण कई वर्षों बाद अपने ही गांव में मतदान कर सकेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में बयालीस ऐसे मतदान केन्द्र हैं, जो दुर्गम इलाकों में स्थित है। ऐसे पोलिंग बूथों में मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया जा रहा है। शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान केन्द्रों में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इसके लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की करीब तीन सौ पचास अतिरिक्त कंपनियों को तैनात किया गया है।

यूपीएससी–परिणाम

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा–दो हजार तेईस के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव पहले स्थान पर रहे हैं। जबकि, अनिमेष प्रधान ने दूसरा और दोनुरू अनन्या रेड्डी ने तीसरा स्थान हासिल किया। आयोग ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार सोलह उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की है। इस परीक्षा में छह लाख से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया था।

इस परीक्षा में रायपुर की अनुषा पिल्ले ने दो सौ दो रैंक हासिल की हैं। वे
पूर्व आईपीएस अधिकारी संजय पिल्ले और अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले की सुपुत्री हैं।

सौम्या चौरसिया–याचिका

कोयला घोटाला मामले में रायपुर केंद्रीय जेल में बंद सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दी है। इस कोर्ट में सौम्या चौरसिया ने बच्चों की देखभाल करने का हवाला देकर जमानत के लिए याचिका दायर की थी। इससे पहले, कोर्ट ने बीते बारह अप्रैल को सुनवाई के दौरान फैसला सुरक्षित रखा था।

ट्रेन परिचालन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के राजनांदगांव–कलमना रेलखंड के बीच इंटरलॉकिंग का कार्य सत्ताईस से तीस अप्रैल तक किया जाएगा। इसके कारण इस मार्ग पर कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द रहेगा। इनमें दुर्ग–गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया–नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू पैसेंजर, डोंगरगढ़–गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी–रामटेक मेमू पैसेंजर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी–बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल शामिल हैं।

मतदाता जागरूकता–01

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत बिलासपुर शहर में रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकालकर लोगों को शत–प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। प्रभातफेरी में स्काउट गाइड, एनसीसी और एनएसएस के छात्र–छात्राएं शामिल हुए। हाथों में बैनर–पोस्टर लिए इन विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लगाते हुए लोगों को मतदान करने के लिए

प्रेरित किया। वहीं, स्वीप कार्यक्रम के तहत महामाया मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़कर अपनी भागीदारी निभाने की शपथ ली। जिले में ''शत–प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभियान'' के तहत लोगों को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है।

उधर, कोंडागांव जिले के फरसगांव स्थित साप्ताहिक बाजार में युवोदय कोंडानार चैम्प्स के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर दीवार लेखन कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, इन स्वयंसेवकों ने नुक्कड़–नाटक और रैली के माध्यम से भी लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए उनसे वोट डालने की अपील की।

इसी तरह, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा में स्थित दुर्गा मंदिर में नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित करके 'हर–घर दीप, हर–घर स्वीप' का आकार बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने लोगों को शत–प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान करीब सवा लाख मतदाताओं ने वर्चुअल तरीके से शपथ ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों से लोकसभा चुनाव में बिना डर और भय के मतदान करने की अपील की।

<u>मतदाता जागरूकता–02</u>

वहीं, मतदाता जागरूकता के तहत मुंगेली पुलिस द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ सर्किट हाउस से शुरू होकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में संपन्न हुई। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठन, वरिष्ठ नागरिक, स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। मैराथन दौड़ के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' स्लोगन के जरिये लोगों को एक–एक वोट का महत्व बताया गया। इस दौरान लोगों को छत्तीसगढ़ी बोली में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

इसी जिले के लोरमी में ''रखबो मुंगेली के मान, करबो सब्बो झन मतदान'' स्लोगन के जरिये मतदाताओं को सायकिल रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। इस रैली में शिक्षक और छात्र–छात्राएं शामिल हुए।

<u>अष्टमी / रामनवमीं</u>

आज चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी है। आज के दिन आदिशक्ति मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा–अर्चना की जाती है। राजधानी रायपुर सहित राज्य की सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में नवरात्रि के दौरान पूजा और अनुष्ठान के कार्यक्रम संपन्न किए जा रहे हैं। आज सुबह से ही सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। जगह–जगह हवन, पूजन और धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। कुछ जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जगदलपुर में मां दंतेश्वरी मंदिर और मां छिन्दावली सहित अन्य देवी मंदिरों में भी हवन–पूजन किया गया।

वहीं, कल रामनवमीं है। इस मौके पर ज्योति कलश और जंवारे का विसर्जन किया जाएगा।

<u>जांजगीर–प्रेरणा कार्यक्रम</u>

जांजगीर–चांपा के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले की विभिन्न स्कूलों के करीब एक सौ छिहत्तर विद्यार्थी शामिल हुए। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में शैक्षिक विषय पर आधारित पेंटिंग, कविता और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस स्पर्धा में चयनित एक छात्र और एक छात्रा को गुजरात के वड़नगर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भेजा जाएगा।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के सत्रह जिलों के लिए यलो वॉर्निंग जारी की है। विभाग के अनुसार राज्य के बलौदाबाजार, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, रायपुर, रायगढ़, बीजापुर, दंतेवाड़ा आदि जिलों में अगले तीन घंटों के दौरान अंधड़ चल सकता है तथा गरज–चमक के साथ बारिश हो सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>